बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(कैमूर)–06 / 2025 3960 पटना, दिनांक :– 10/07/2025

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, कैमूर के पत्रांक 782 दिनांक 21.12.2024 द्वारा श्रीमती प्रियंका कुमारी, विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (ASO00052) के संबंध में दिनांक 18.11.2024 से 20.11.2024 तक आकस्मिक अवकाश का आवेदन एवं दिनांक 21.11.2024 से चिकित्सीय अवकाश का आवेदन ई–मेल पर भेजने एवं पूछे गये स्पष्टीकरण का जबाब नहीं देने संबंधी कतिपय आरोप प्रतिवेदित करते हुए कार्रवाई की अनुशंसा की गयी थी।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निदेशालय पत्रांक 305 दिनांक 20.01.2025 द्वारा श्रीमती प्रियंका से स्पष्टीकरण की मांग की गयी, जिसका प्रतिउत्तर इनके द्वारा समर्पित किया गया। इनके द्वारा स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया है कि विशेष रोग से ग्रसित रहने, इक्सेसिव ब्लड लॉस, वीक्नेस, पटलेट्स काउन्ट का संतुलन खराब तथा जॉइंडिस होने के कारण चिकित्सक द्वारा बेड रेस्ट की सलाह दी गयी थी। इस संबंध में इनके द्वारा चिकित्सीय साक्ष्य उपलब्ध कराया गया है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि चिकित्सीय परामर्श के अनुसार यह योगदान करेंगी।

इसी क्रम में बंदोबस्त पदाधिकारी, कैमूर के पत्रांक 234 दिनांक 27.02.2025 द्वारा यह सूचना दी गयी है कि श्रीमती प्रियंका द्वारा दिनांक 17.02.2025 से शिविर कार्यालय में योगदान समर्पित किया गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन एवं श्रीमती प्रियंका द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण तथा संलग्न चिकित्सीय साक्ष्यों की समीक्षा की गयी है। इनके द्वारा स्पष्टीकरण के साथ संलग्न चिकित्सीय साक्ष्य स्पष्टीकरण के कथनों का समर्थन कर रहा है। स्पष्ट है कि बिमारी से ग्रसित रहने के कारण यह अवकाश में थी एवं इसकी सूचना इनके द्वारा समय–समय पर अपने नियंत्री पदाधिकारी को दिया गया है। साथ ही इनके द्वारा बंदोबस्त कार्यालय में योगदान भी समर्पित कर दिया गया है।

अतः उपरोक्त के आलोक में श्रीमती प्रियंका कुमारी, विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (ASO00052) को कार्य नहीं तो वेतन नहीं के आधार पर स्पष्टीकरण से मुक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से योगदान स्वीकृति की अनुमति प्रदान की जाती है।

10/7

(जे0 प्रियदर्शिनी)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(कैमूर)–06 / 2025 3960 **पटना, दिनांक** :– 10/07/2025

प्रतिलिपि :– श्रीमती प्रियंका कुमारी, विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (ASO00052), बंदोबस्त कार्यालय, कैमूर को सूचनार्थ प्रेषित।

10/7

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :— 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(कैमूर)—06 / 2025 3960 **पटना, दिनांक** :— 10/07/2025

प्रतिलिपि :— बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, कैमूर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/7

निदेशक

भू—अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :— 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(कैमूर)—06 / 2025 3960 **पटना, दिनांक** :— 10/07/2025

प्रतिलिपि :— संबंधित प्रोग्राम, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10/7

निदेशक

भू—अभिलेख एवं परिमाप